दैनिक
पदमावत मीडिया
Reg.No.MH18D0030877 •ई-पेपर• •न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे•
www.padmavatmedia.in Mo. 9594542679 Email- padmavatmedia@gmail.com
वर्ष : 10 • डिजिटल अंक : 287 • मुंबई, बुधवार, 26 जून, 2024 • प्रधान सम्पादक : पवन जैन पदमावत • पृष्ठ : 2 • मूल्य-0.00 निःशुल्क •

जिम्मेदारी निभाने को तैयार राहुल गांधी - विपक्ष के नेता बन मोदी सरकार से करेंगे दो-दो हाथ

नई दिल्ली । कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के तेवर काफी बदल गए हैं। उन्होंने कांग्रेस को 99 सीटें जिताकर पार्टी में जान फूंक दी है। उनके प्रयास और परिश्रम का ही प्रतिफल है कि आज कांग्रेस एक बार फिर उठकर खड़ी हो गई है। यही वजह है कि कांग्रेस के नेता उन्हे संसद में नेता विपक्ष देखना चाहते हैं। इसके लिए शायद वे तैयार नहीं है। लेकिन बीते रोज संसद सत्र में जिस तरह से राहुल गांधी में एक कॉन्फीडेंस दिखाई दिया उससे अंदाजा लगाया जाने लगा कि वे नेता विपक्ष की जिम्मेदारी भी लेंगे और मोदी सरकार से भिड़ेंगे भी।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी अब तक संसद में पार्टी के एक सांसद के तौर पर ही काम करते दिखे हैं। यूपीए सरकार रहने के दौरान वह केंद्रीय मंत्रिमंडल का हिस्सा नहीं बने थे और फिर कांग्रेस के विपक्ष में आने के बाद भी वह संसद में नेता विपक्ष जैसे अहम रोल में नहीं दिखे। भाजपा उनके जिम्मेदारी न लेने को मुद्दा बनाती रही है। लेकिन अब राहुल गांधी का रुख बदलता दिख रहा है और वह लोकसभा में नेता विपक्ष की जिम्मेदारी संभालने को तैयार नजर आ रहे हैं। सोमवार को चुनाव के बाद आयोजित पहले सत्र में वह पहली कतार में ही अखिलेश यादव के साथ बैठे नजर आए। इसके अलावा पीएम नरेंद्र मोदी जब सांसद के तौर पर शपथ लेने पहुंचे को उन्हें संविधान की कॉपी दिखा रहे थे।

राहुल गांधी के इस रुख से अनुमान लगाया जा रहा है कि वह नेता विपक्ष बनने के लिए तैयार हैं। पार्टी के रणनीतिकारों का मानना है कि राहुल गांधी पार्टी के अध्यक्ष नहीं हैं। ऐसे में उन्हें लोकसभा में नेता विपक्ष की जिम्मेदारी लेकर नेतृत्व करना चाहिए। यह उनके लिए मौका भी है क्योंकि पार्टी को लोकसभा में 99 सीटें मिली हैं, जो उसकी उम्मीद से अधिक हैं। इसके अलावा भाजपा को उसके नेतृत्व वाला इंडिया अलायंस 240 सीटों पर ही रोकने में सफल रहा। इन नतीजों के बाद भी कांग्रेस लगातार तीसरी बार केंद्र सरकार से बाहर है, लेकिन बीते दो चुनावों को देखते हुए वह 99 के आंकड़े को अपने लिए सफलता मान रही है।

इस सफलता का क्रेडिट राहुल गांधी को दिया जा रहा है। इसलिए पार्टी मान रही है कि राहुल गांधी को अहम रोल में लाने का यह अहम मौका है। कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में इस संबंध में प्रस्ताव पारित किया गया है और अब उनके ऊपर है कि वह इस भूमिका को स्वीकार करें या नहीं। लेकिन राहुल गांधी ने पहले ही दिन अपने रुख से संकेत दिया है कि वह नेता विपक्ष बनने को तैयार हैं। वह उसी सीट पर बैठे नजर आए, जहां अब तक कांग्रेस की ओर से लोकसभा में नेता रहे अधीर रंजन चौधरी बैठा करते थे। इस बार अधीर रंजन चौधरी चुनाव में हार गए थे। बता दें कि अब तक लोकसभा में सीटों का आवंटन नहीं हुआ है, लेकिन अधीर की सीट से राहुल ने संकेत जरूर दिया है।

राहुल गांधी के नेता विपक्ष बनने के संकेत रॉबर्ट वाड्रा ने भी दिए हैं। वाड्रा ने कहा कि वह नेता विपक्ष के रूप में प्रभावी होंगे। उन्होंने कहा, मैं राहुल गांधी को अच्छे से जानता हूं। वह मेरे भाई जैसे हैं। मुझे पता है कि वह जो भी करते हैं, पूरे मन से करते हैं। मुझे पता है कि वह नेता विपक्ष के तौर पर अपनी जिम्मेदारी समझते हैं। गौरतलब है कि राहुल गांधी के साथ ही अखिलेश यादव और फैजाबाद से जीते अवधेश प्रसाद भी बैठे थे। इस तरह राहुल और अखिलेश ने यह संदेश भी दिया कि उनका गठबंधन मजबूत है।

विभागीय कार्यों की सप्ताहिक समीक्षा बैठक ली दिये निर्देश
आमजन के हित के कार्यों को प्राथमिकता से करें पूर्ण - जसमीत सिंह संधू

पदमावत मीडिया

सलूंबर । जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने मंगलवार को विभागीय कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को कहा कि वे बैठक में पूरी तैयारी के साथ आने व पूर्व में दिये गये निर्देशों की पालना रिपोर्ट साथ में लाते हुए कार्य की वस्तुस्थित से रुबरु करवाएं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे अपनी कार्यप्रणाली में बदलाव लाते हुए कार्यों को समय रहते पूरा करे। ये निर्देश मंगलवार को जिले के समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण एवं समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण की बैठक में दिये।

दैनिक जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों को शीघ्र करें निस्तारण

बैठक में दैनिक जन सुनवाई के दौरान प्राप्त प्रकरणों एवं संपर्क पोर्टल पर अपलोड प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए एवं निस्तारण करते समय निस्तारण की क्वालिटी पर ध्यान रखा जावें। उन्होंने सम्पर्क पार्टल पर लम्बित प्रकरणों की समीक्षा की ओर संबंधी अधिकारियों को कहा कि वे प्रकरणों के निस्तारण में कोई लापरवाही न बरतें उन्हें समय पर निस्तारण कर प्रार्थी को राहत दे।

बिजली संबंधी प्रकरणों का त्वरित करें समाधान

बैठक में आगामी मानसून को देखते हुए पंचायत व ब्लॉक स्तर पर खम्भों पर लटकतें व खुले तारों को व्यवस्थित करने, खराब ट्रांसफार्मर को बदलने आदि समस्याओं का निस्तारण संबंधित अभियंता लाईन मेन के माध्यम से प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश दिये।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं

बैठक में जिला कलेक्टर ने सीएमएचओ को सीकल सेल की जांच और एनिमिया की टेस्टिंग करने और पोर्टल पर डाटा एन्ट्री करने के निर्देश दिए।

बैठक में मानसून से पूर्व सड़कों के गड्ढों को भरने, मानसून से पूर्व नालों की साफ सफाई, सड़क के दोनो तरफ कंटीली झाड़ियों की सफाई के निर्देश दिए।

मानसून में सघन पौधारोण

वन विभाग से समन्वय स्थापित कर पौधों का पर्याप्त स्टॉक तैयार करने तथा आगामी मानसून से पूर्व विभागों द्वारा नरेगा के माध्यम से आवश्यकतानुसार गढ्ढे खुदवा लिए जाए तथा मानसून पर पौधारोपण किया जाए।

सरकार की योजनाओं का लाभ जिले के प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मिले - जिला कलक्टर

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में मंगलवार को वीसी के माध्यम से जिले की प्रत्येक पंचायत समिति के विकास अधिकारियों, प्रधान, सरपंच और जनप्रतिनिधियों को 'पहल' पङ्क पहुचे, हङ्क हर, तक लङ्कलाभ के सफल क्रियान्वयन की विस्तार से चर्चा की और जनप्रतिनिधियो से भी वीसी के माध्यम से संवाद भी किया और अपील की सरकार की योजनाओं से वंचित परिवारों को चिन्हित कर शिविर में अधिक से अधिक लाभान्वित करे।

जिला कलेक्टर ने कहा की पात्र व्यक्तियों को योजनाओं के अन्तर्गत लाभान्वित करने के उद्देश्य से योजनाओं का लाभ जिले के प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मिले इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा पुरे जिले में पात्र परिवारों का सर्वे कराया गया हे इन पात्र परिवारों को पहल योजना शिविर के माध्यम से जोड़ा जाएगा एवं आयोजित शिविरों को गम्भीरता से लेते हुए सभी पात्र व्यक्तियों को संवेदनशीलता दिखाते हुए शिविरों में लाभांवित करवाने के निर्देश प्रदान किए है।

शिविर में इन योजनाओं का लाभ मिलेगा

पहल योजना का मुख्य उद्देश्य हर तक पहुंचे योजना का लाभ है शिविरो के माध्यम से जन आधार, आधार कार्ड नामांकन, उज्ज्वला योजना, छात्रवृत्तिया, पेंशन, पालनहार, मुख्यमंत्री कन्यादान, दिव्यांग, बिजली कनेक्शन, कृषक लोन, पीएम विश्वकर्मा, ई श्रम, 60 वर्ष से अधिक रोडवेज पास, केसीसी, कृषि यंत्र, फार्म पॉड, नामांतरण, केटल शेड, बैंक खाता इत्यादि कार्यों को पहल योजना के माध्यम से पूर्ण किया जाएगा और प्रत्येक व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं आसानी से पहुंचेगी।

यह रहे उपस्थित

बैठक में आयुक्त गणपत लाल खटीक,एसडीएम पर्वत सिंह चुंडावत, एसीईओ दयाचंद यादव, हेमन्त पंडिया एक्सईएन डबल्यूआरडी, परिवहन अधिकारी सुरेन्द्र सिंह गुलिया, सीएमएचओ डॉ जेपी बुनकर, सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग हेमन्त खटीक, डीओआईटी जीवन राम मीणा, पीआरओ पुष्पक मीणा, पशु पालन विभाग डॉ हरिकेश मीणा, लेबर विभाग सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी एवं वीसी के माध्यम से समस्त पंचायतों के विकास अधिकारी, प्रधान, सरपंच एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

पासपोर्ट के लिए वेरिफिकेशन करवाने में अब नहीं चलेगी पुलिस की मनमानी

नई दिल्ली । पासपोर्ट बनाने में लोगों को कई सारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। पासपोर्ट बनवाने में सबसे बड़ी दिक्कत पुलिस वेरिफिकेशन में आती है। अब विदेश मंत्री जयशंकर ने घोषणा की है कि पुलिस वेरिफिकेशन में नहीं चलेगी मनमानी। पासपोर्ट बनवाना अब और आसान हो जाएगा। इसके लिए विदेश मंत्रालय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की पुलिस के साथ मिलकर एक उपाय पर काम कर रहा है, जिससे कि लोगों को चंद दिनों में पासपोर्ट मिल जाए।

सोमवार को पासपोर्ट सेवा दिवस के मौके पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि बेहतर पासपोर्ट सेवा के लिए मंत्रालय ने 440 पोस्टऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्रों की स्थापना की है। इसके अलावा 93 पासपोर्स सेवा केंद्र बनाएं हैं। देश में इस समय 533 पासपोर्स प्रोसेसिंग सेंटर और 37 रिजिनल पासपोर्ट ऑफिस हैं। विदेश मंत्रालय ने विदेश में मौजूद 187 भारतीय मिशनों को भी इससे जोड़ा गया है।

पासपोर्ट बनवाने में सबसे बड़ी दिक्कत पुलिस वेरिफिकेशन में आती है। इसमें काफी समय लगता है। कई बार तो पुलिस वेरिफिकेशन के नाम पर आवेदकों को परेशान भी किया जाता है। ऐसे में विदेश मंत्रालय इस परेशानी को दूर करने में लगा है। जयशंकर ने कहा कि पुलिस वेरिफिकेशन में तेजी लाने के लिए 'एम पासपोर्ट पुलिस ऐप' बनाया गया है। इससे 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 9 हजार पुलिस थानों को जोड़ा गया है। साथ ही पेपरलेस डॉक्यूमेंटेशन के लिए पासपोर्ट सेवा सिस्टम को डीजी लॉकर से जोड़ा गया है। इससे पुलिस वेरिफिकेशन का काम आसान हो जाएगा।

उन्होंने आगे कहा कि विदेश मंत्रालय ने बीते साल 2023 में पासपोर्ट से जुड़ी 1.65 करोड़ सेवाएं दीं। 2023 में मासिक पासपोर्ट आवेदन 14 लाख को पार कर गए थे। उन्होंने आगे कहा कि पासपोर्ट नागरिकों के विकास में अहम भूमिका अदा करते हैं। इससे देश के विकास पर सीधे असर पड़ता है।

बालश्रम के विरुद्ध कार्रवाई बालश्रमिक को मुक्त कर शेल्टर होम में दाखिल कराया गया

पदमावत मीडिया

उदयपुर । जिले में मानव तस्करी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की गई है। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल द्वारा चलाए गए विशेष अभियान के अंतर्गत, बालश्रमिक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए श्रीराम दाल बाटी पर कार्यवाही की गई और एक बालश्रमिक को मुक्त कर शेल्टर होम में दाखिल करवाया गया और उसके नियोक्ता रोहित पड्या के खिलाफ थाना सुरजपोल में मामला दर्ज किया गया है।

भारीया जावद में चार भेसों की चोरी,अपराधियों को हिरासत में लिया गया

पदमावत मीडिया

सलूंबर । जिले के भारीया जावद थाना सलुम्बर के एक निवासी ने अपनी चार भेसों की चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई जिसके बाद पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपियों को हिरासत में लिया है।

दरअसल 22 जून 2024 शनिवार को हमीर सिंह पिता भेरु सिंह राजपूत, उम्र 34 वर्ष, निवासी भारीया जावद थाना सलुम्बर ने एक

लिखित रिपोर्ट प्रस्तुत की है। जिसके अनुसार घटना 20 जून की रात्री को हुई, जब उनके घर के पास स्थित बाड़े में उनके पिताजी नाहर सिंह पिता धुल सिंह राजपूत ने अपनी चार भेसों को बांध रखा था। और सुबह करीब 6 बजे,नाहर सिंह भैंस का दूध निकालने के लिए बाड़े में गए, लेकिन उन्हें भेसें नहीं मिली। परिवार के सदस्यों ने उन्हें तलाशा, लेकिन भैंसे कहीं नहीं मिलीं।

एसपी अरसद अली ने घटना स्थल पर विस्तृत जांच का निर्देश दिया है और सीसीटीवी फुटेज जैसी तकनीकी साक्ष्य को संज्ञान में लेकर अपराधियों की पकड़ के लिए कठोर कार्रवाई की जा रही है।

वहीं अभी तक तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें भैरू लाल, शांति लाल, और भरत वेद शामिल हैं। उन्हें मामले में आरोपी ठहराया गया है और अधिक जानकारी के लिए उन्हें हिरासत में रखा गया है।

मामले में अदालती कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, और अधिक जानकारी के के लिए जांच की जा रही है।

अवनीश हॉस्पिटल डेगाना में डॉक्टरों, मेडिकल स्टाफ का मरीजों की ओर से उत्कृष्ट सेवाओं पर किया सम्मान

पदमावत मीडिया

नागौर । नागौर जिले के डेगाना शहर में शारदा बाल निकेतन स्कूल के स्कूल के सामने स्थित अवनीश हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर डेगाना में मरीज के परिजनों की ओर से डॉक्टर्स व मेडिकल स्टाफ सहित का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। शहर के झगड़वास निवासी प्रवासी चंडीगढ़ निवासी भंवरसिंह चंडीगढ़ व उसके परिजनों ने परिवार में महिला की डिलीवरी के लिए अन्य डॉक्टरों ने जहां ऑपरेशन की सलाह दी। कहा सीरियस केस है। ऑपरेशन होगा, मगर, अवनीश हॉस्पिटल डेगाना में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. धनश्री चौधरी एवं अस्पताल डायरेक्टर डॉ. अमित चौधरी सहित मेडिकल स्टाफ के पॉजिटिव सहयोग से भर्ती महिला की नॉर्मल डिलीवरी करवा कर मरीज को राहत प्रदान की। इस पर परिजनों ने खुशी जताते हुए डॉक्टर्स व मेडिकल स्टाफ का स्वागत कार्यक्रम सम्मान किया। मालाएं पहनाकर, मिठाई खिलाकर सम्मान किया गया। परिजन खुशी से झूम उठे। कहां कि डॉक्टरों को भगवान का दर्जा मिला हुआ है, जो वास्तव में ही डॉक्टरों के लिए समय-समय पर मान- सम्मान होना चाहिए। इस मौके पर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. धनश्री चौधरी, डायरेक्टर डॉ. अमित चौधरी, सराज खान, दिनेशसिंह, वरिष्ठ पत्रकार हरिराम गुर्जर सहित बड़ी संख्या में मेडिकल स्टाफ, मरीज के परिजन और अन्य मरीज मौजूद रहें। उल्लेखनीय है, कि अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. धनश्री चौधरी की सेवाएं उत्कृष्ट है। तो वहीं 24 घंटे सोनोग्राफी सुविधा है। तो वही बच्चों के लिए स्पेशल नर्सरी और डॉ. अमित चौधरी शिशु रोग विशेषज्ञ की उत्कृष्ट सेवाएं मिल रही है।

शिक्षा शेरनी का दूध है, इसे अर्जित कर इतिहास बनाए - ठगेला
मेवाड के खटीक समाज के मेघावी विद्यार्थियों का सम्मान बागडी, निमावत और चावला का भी सम्मान

पदमावत मीडिया

उदयपुर । राजस्थान विशेष तौर पर मेवाड के 10वीं व 12वीं की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले छात्र छात्राओं का रामेश्वर महादेव मंदिर राजसमंद के विशाल सभागार में सम्मान किया गया। इस मौके पर खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश बागड़ी, संरक्षक जय निभावत, प्रदेश अध्यक्ष पीसी चावला का भी समाज में गरीबों, महिलाओं और युवाओं के विकास के लिए किए जा रहे कामों को लेकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में आल इंडिया खटीक फेडरेशन के द्वारा प्रकाशित सतगुरु दुर्बल नाथ जी के केलेंडर के आगे पुष्प अर्पित करने के बाद कार्यक्रम अध्यक्ष ज्ञान चंद खटीक, मुख्य अतिथि रा. अध्यक्ष आल इंडिया खटीक फेडरेशन डा नेतराम ठगेला, आरएएस देवेन्द्र पी खींची, खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन के संरक्षक जय निभावत, राष्ट्रीय अध्यक्ष, आकाश बागड़ी, प्रदेश अध्यक्ष पीसी चावला ने खटीक समाज के मेधावी छात्र छात्राओं का प्रतीक चिन्ह प्रदान कर व उपरना पहनाकर सम्मान किया। इस मौके आयोजक भागचंद खटीक व कार्यक्रम संचालक सम्पत खींची ने अतिथियों का स्वागत किया।

मुख्य अतिथि डा. नेतराम ठगेला न अपने उद्बोधन में विधार्थियों का आह्वान किया कि वे शिक्षा की ओर सबसे ज्यादा ध्यान दें। उन्होंने कहा कि शिक्षा शेरनी का वो दूध है जिसे जो पिएगा दहाडेगा। मजदूर का बेटा होने के बावजूद उन्होंने डबल एमए और एलएलबी की शिक्षा ग्रहण की जिसकी बदौलत यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण करके एएफएचक्यू सिविल सर्विस में जोइन करके भारत सरकार में प्रधान निदेशक तक बने।

इस प्रकार से शिक्षा के बल पर सरकारी नीतियों को बनाने में योगदान दिया। उन्होंने कहा कि आप में से हरेक विधार्थी ने 80 प्रतिशत और दर्जनों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। आप सभी मेधावी है। विश्वास के बल पर आपके सतत और योजनाबद्ध प्रयासों से आपको जीवन में सफलता मिलेगी।

ओसवाल सभा स्पोर्ट्स टूर्नामेंट 29 जून से सभा की वेबसाइट पर अब ई-सेवाओं का विकल्प

पदमावत मीडिया

उदयपुर । ओसवाल सभा के तत्वावधान में पहली बार ओसवाल सभा स्पोर्ट्स टूर्नामेंट 2024 का आयोजन किया जा रहा है। अध्यक्ष प्रकाश कोठारी ने बताया कि 29 और 30 जून 2024 को चौफला अकादमी, शोभागपुरा में टूर्नामेंट का आयोजन होगा। इसमें 13 से 19 साल, 19 से 30 साल, 30 से 45 साल और 45 से ज्यादा उम्र वाले लोगों के लिए अलग-अलग श्रेणियां रखी गई हैं, जिससे सभी आयु वर्ग के लोग इसमें भाग ले सकें। पुरुष और महिलाओं के लिए भी अलग-अलग वर्ग बनाए गए हैं। स्पोर्ट्स कमेटी चेयरमैन अंशुल मोगरा ने बताया कि इस खेल प्रतियोगिता में बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कैरम और शतरंज खेल प्रतिस्पर्धाएं शामिल हैं। ओसवाल सभा का यह पहला आयोजन है। संयुक्त सचिव मनीष नागोरी ने बताया कि लंबे समय से समाज में इस तरह की प्रतिस्पर्धा आयोजित करने एवं समाज को एक मंच पर लाने का सार्थक प्रयास है। इस खेल-कूद प्रतियोगिता से आने वाले समय में समाज की प्रतिभाएँ निखरकर आएगी। उपाध्यक्ष तुक्तक भाणावत ने बताया कि खेलों में सरप्राइज उपहार और पुरस्कार भी रखे गए हैं।

ओसवाल सभा की वेबसाइट पर अब ई-सेवाओं का विकल्प

ओसवाल सभा की वेबसाइट पर अब ई-सेवाओं का विकल्प भी है जिससे आने वाले समय में समाज के सभी लोग गतिविधियां देख सकेंगे। डिजिटल इंडिया के दौर में सभी प्रतिभागियों के फॉर्म ऑनलाइन जमा किए जाएंगे और सदस्य डेटा भी अपडेट किया जाएगा, जिसकी शुरुआत 15 जुलाई 2024 से हो जाएगी। इसी के साथ मोबाइल एप्लीकेशन ओसवाल सभा का लॉन्च हो रहा है जो पूरे विश्व में ओसवाल समाज की पहली वेबसाइट के साथ मोबाइल ऐप भी है। इसमें सारे कार्य और सेवाएं उपलब्ध होंगी। ओसवाल सभा के 15 वर्ष लम्बे अन्तराल पश्चात् हुए चुनाव के बाद अपने समयबद्ध चरण से प्रगति एवं उत्थान हेतु कार्यक्रम तय किए हैं। इसी क्रम में पर्यावरण संरक्षण हेतु कार्य किये जायेंगे एवं अगस्त माह में वार्षिक साधारण सभा का आयोजन, अक्टूबर माह में नव गठित ओसवाल युवक परिषद के तत्वावधान में विशाल कवि सम्मेलन का आयोजन, दीपावली पश्चात् ओसवाल सभा प्रतिभा एवं युवा उद्यमि सम्मान के साथ ही सम्पूर्ण समाज का स्नेहमिलन कार्यक्रम एवं स्नेहभोज आयोजन भी प्रस्तावित हैं। नवीन कार्यकारिणी के कार्यकाल में सम्पत्ति से किराये की आय में भारी बढ़ोतरी हुई है जो 5 गुणा अर्थात् 6 लाख से 30 लाख तक पहुंच गई है। पारिवारिक निर्देशिका का प्रकाशन भी शीघ्र किया जाएगा। ओसवाल महिला प्रकोष्ठ, बहु प्रकोष्ठ एवं युवक परिषद का गठन भी किया गया है। ओसवाल भवन में रिनोवेशन, रंग-रोगन, आधुनिक टॉयलेट्स एवं चौक को पक्का कराने का कार्य प्रगति पर है। आने वाले समय में और भी प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी जैसे गायन प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता, आउटडोर खेल कार्यक्रम आदि। बैठक में सचिव आनन्दीलाल बंबोरिया, उपाध्यक्ष तुक्तक भानावत, सह सचिव मनीष नागोरी, कोषाध्यक्ष फतेहसिंह मेहता, डॉ. ललित मुर्डिया, नरेंद्र कोठारी कार्यकरिणी सदस्या किरण पोखरना, नीता मेहता, स्नेहलता मोगरा सहित कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद थे।

...अब वागड़ में मनाई जाएगी कर्क संक्रांति

संभागीय आयुक्त डॉ.पवन की पहल पर 16 जुलाई को उत्सवी माहौल में मनेगी कर्क संक्रांति

पदमावत मीडिया

बांसवाड़ा । आदिम कला–संस्कृति और शिल्प वैशिष्ट्य की धरा वागड़ अंचल को अब कर्क रेखा की विशिष्ट भौगोलिक स्थिति पर होने के तथ्य से गौरवांवित कराने के उद्देश्य से संभागीय आयुक्त डॉ. नीरज के पवन की पहल पर पहली बार 16 जुलाई को उत्सवी माहौल में कर्क संक्रांति का पर्व मनाया जाएगा। इसके लिए प्रशासनिक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं।

संभागीय आयुक्त डॉ.पवन ने बताया कि हमारे लिए यह गौरव का विषय है कि हम इस ब्रह्मांड में एक विशिष्ट भौगोलिक स्थिति पर निवास कर रहे हैं। समूचा भारत मकर संक्रांति मनाता है परंतु कर्क रेखा पर स्थित होने के कारण वागड़वासी मकर संक्रांति के साथ–साथ कर्क संक्रांति भी मनाने जा रहे हैं। इसका प्रमुख उद्देश्य है कि हमारे इस अंचल के गौरवमयी तथ्य को लेकर देश–दुनिया के पर्यटकों को यहां आमंत्रित किया जाए। उन्होंने बताया कि इसी उद्देश्य से वागड़ अंचल के दोनों जिलों में कर्क रेखा की अवस्थिति वाले पर्यटन स्थलों पर साइन बोर्ड भी लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रयास किया जा रहा है कि कर्क संक्रांति के आयोजन को पूरा जिला यादगार तरीके से मनाए। इस आयोजन को उत्सवी माहौल में मनाया जाएगा और इसके लिए विविध गतिविधियों की कार्ययोजना तैयार की जा रही है। उन्होंने जिलेवासियों से आह्वान किया है इस आयोजन में अपनी सक्रिय सहभागिता दें और प्रयास करें कि यह आयोजन प्रतिवर्ष उसी उत्साह के साथ मनाया जाए।

संभागीय आयुक्त ने बैठक लेकर दिए निर्देश

इधर, कर्क संक्रांति पर्व के लिए प्रशासन द्वारा भी तैयारियां आरंभ कर दी गई हैं। मंगलवार को इस संबंध में की संभागीय आयुक्त डॉ. नीरज के.पवन की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें आयोजन की रूपरेखा तय करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को इस आयोजन की तैयारियों के लिए दायित्व सौंपे हैं। उन्होंने समस्त संबंधित अधिकारियों को पूर्ण समन्वय स्थापित करते हुए आयोजन की कार्ययोजना तैयार करने और इसे सफल बनाने के लिए तैयारियां आरंभ करने के निर्देश दिए। डॉ.पवन ने कहा कि इस पर्व को महोत्सव के रूप में मनाया जाए और अधिकाधिक जनसहभागिता सुनिश्चित की जावें। उन्होंने जिला कलक्टर सहित संबंधित विभागीय अधिकारियों को इस संबंध में अनुपालना रिपोर्ट प्रस्तुत करने को भी कहा है। बैठक में जिला परिषद सीईओ वृद्धिचंद गर्ग,एडीएम अभिषेक गोयल, तहसीलदार दीपक सांखला, जिला शिक्षा अधिकारी मावजी खांट व शफब अंजुम, डीएसओ हजारीलाल अलौरिया,नगर परिषद आयुक्त मोहम्मद सुहैल, स्काउट सीओ दीपेश शर्मा व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

कलक्टर ने बनाई समिति, जिला परिषद सीईओ को बनाया अध्यक्ष

जिला कलक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव ने बताया कि कर्क संक्रांति पर्व आयोजन के लिए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वृद्धिचंद गर्ग की अध्यक्षता में एक आयोजन समिति का गठन किया गया है। इस समिति में उप वन संरक्षक, एसडीएम बांसवाड़ा, केवीके बोरवट के संभागीय निदेशक, पीडब्ल्यूडी के एसई, नगरपरिषद बांसवाड़ा के आयुक्त, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, स्काउट सीओ, पर्यटन अधिकारी और समस्त विकास अधिकारियों को सदस्य नियुक्त किया गया है। उन्होंने समिति सदस्यों को कर्क रेखा पर स्थित पर्यटन स्थलों पर बोर्ड लगवाने और कर्क संक्रांति के सफल आयोजन के लिए तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश भी दिए हैं।

यह होती है कर्क संक्रांति

वागड़ अंचल के ख्यातनाम ज्योतिषाचार्य महर्षि यादवेंद्र द्विवेदी ने बताया कि सूर्य के कर्क राशि में प्रवेश को कर्क संक्रांति कहते हैं। हिंदू कैलेंडर के अनुसार इसे छह महीने के उत्तरायण काल का अंत भी माना जाता है क्योंकि सूर्य 6 महीने के लिए उत्तरायण और 6 महीने के लिए दक्षिणायन में रहते हैं। कर्क संक्रांति से दक्षिणायन की शुरुआत होती है।विशेष बात है कि यह निरयण कर्क संक्रांति है। सायन कर्क संक्रांति 21 जून को (लगभग) प्रति वर्ष अस्तित्व में आती है। वहाँ से दिनमान व ऋतु में बदलाव होने लगता है। उन्होंने बताया कि कर्क संक्रांति इस वर्ष 16 जुलाई मंगलवार को है। इस दिन सुबह 11.17 मिनट पर सूर्य मिथुन राशि से निकलकर कर्क राशि में गोचर करने वाले हैं। इसलिए इस तिथि को कर्क संक्रांति कहा जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि सूर्य सभी 12 राशियों में(पृथ्वी का 360 डिग्री में परिभ्रमण) प्रवेश करते हैं, इस तरह साल में कुल 12 संक्रांतियाँ होती हैं। जैसे मेष संक्रांति 0 से 30अंश तक व अंतिम मीन संक्रांति 330से 360 अंश तक। इनमें मकर और कर्क संक्रांति का विशेष महत्व है। कर्क संक्रांति पर पूजा-पाठ, जप-तप और दान आदि करना विशेष फलदायी माना जाता है। यह एक मान्यता साथ ही इस दिन की गई पूजा-पाठ से सभी दोष दूर होते हैं और ग्रह-नक्षत्रों का शुभ फल प्राप्त होता है।

उत्तरायण से दक्षिणायन की ओर

भीलूड़ा निवासी डॉ. द्विवेदी के अनुसार कर्क संक्रांति को उत्तरायण काल का अंत माना जाता है क्योंकि सूर्य 6 महीने के लिए उत्तरायण और 6 महीने के लिए दक्षिणायन में रहते हैं। कर्क संक्रांति से दक्षिणायन की शुरुआत होती है, जो मकर संक्रांति तक चलती है। दक्षिणायन के समय रातें धीरे धीरे लंबी होना शुरू हो जाती हैं और दिन छोटे होने लग जाते हैं। इस दौरान वर्षा, शरद, हेमंत ये तीन ऋतुएं आती हैं। सूर्य जब मकर से मिथुन राशि अंत तक भ्रमण करते हैं, तब उस अंतराल को उत्तरायण कहते हैं और जब सूर्य कर्क से धनु राशि अंत तक भ्रमण करते हैं, तब उसे दक्षिणायन कहते हैं।

कर्क संक्रांति का महत्व

द्विवेदी बताते हैं कि कर्क संक्रांति से मानसून की शुरुआत हो जाती है और चारों तरफ हरियाली बनी रहती है। दक्षिणायन के चार महिनों में कोई भी मांगलिक कार्यक्रम नहीं किया जाता और इस दौरान भगवान विष्णु की पूजा की जाती है। मान्यता है कि कर्क संक्रांति के दिन सूर्यदेव की पूजा करने से सभी रोग व दोष दूर होते हैं और जीवन में सुख-समृद्धि का वास होता है। कर्क संक्रांति पर आदित्य हृदय स्तोत्र, सूर्य चालीसा और सूर्य मंत्रों का जप करना चाहिए। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान व दान करने से जीवन में कभी किसी चीज की कमी नहीं रहती।विशेषकर पितरों के नाम का दान करने से पितर आशीर्वाद देते हैं, जिससे परिवार में प्रेम बना रहता है।यह मान्यता लोकाचार व शास्त्राधारित है। सैद्धांतिक खगोल ज्योतिर्विज्ञान से पृथ्वी की वार्षिक परिभ्रमण 360अंश व उनके 12 बारह मेषादि मीन तक 12 मार्ग 30 गुणा 12 बराबर 360 डिग्री हैं। प्रथम 0 से 180 अंश तक कन्या संक्रांति अंत व उपरांत से 360 अंश तुला से मीन राशियाँ जानी जाती है

कर दायित्व का भुगतान यूपीआई/ डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड द्वारा संभव

पदमावत मीडिया

उदयपुर । वाणिज्यिक कर विभाग के मुख्य आयुक्त डॉ. रवि कुमार सुरपूर ने बताया कि राजस्थान में जीएसटी करदाताओं के लिए भुगतान सुविधा बढ़ाने और भुगतान प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने सहित प्रभावी भुगतान विकल्प प्रदान करने के क्रम में असम, दिल्ली, गोवा, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश इत्यादि राज्यों की तर्ज पर अब राज्य के करदाता भी यूपीआई/ डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड द्वारा भी अपने कर दायित्वों का भुगतान कर सकेंगे। हाल ही में राज्य कोषागार एवं जीएसटी पोर्टल के एकीकरण के फलस्वरूप यह सुविधा करदाताओं को उपलब्ध करवायी गयी है। ध्यातव्य है कि वर्तमान में वैट करदाताओं के लिए पहले से ही यूपीआई/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड द्वारा भुगतान की सुविधा उपलबध है अब जीएसटी करदाताओं के लिए भी उपरोक्त भुगतान सुविधा उपलब्ध करवा दी गयी है।

प्रतियोगिता ने दिल की धड़कनें बढ़ाई सुरों की मंडली के साधकों की

पदमावत मीडिया

विश्व संगीत दिवस के समापन समारोह पर सुरों की मंडली के साधकों ने एक विशेष आयोजन किया जिसमें सभी संगीत साधकों की धड़कन बढ़ गई संस्था प्रमुख श्री मनमोहन भटनागर ने बताया कि इस अवसर पर रैपिड सिंगिंग कांटेस्ट का आयोजन रखा गया ,जिसमें प्रतियोगी को एक रिदम पर 2 मिनट में अधिक से अधिक गाने गाकर सुनाने थे जो उस रिदम पर बैठ सके ऐसे में सुरों के सम्राट साधक एक बार तो पशोपेश में पड़ गए एक गाना गए दूसरा याद ही ना आए लेकिन उसके बावजूद भी 10 साधकों ने दम लगाकर इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और विजेता घोषित हुई वीनू वैष्णव जिन्होंने सर्वाधिक 13 गीत गाकर प्रतियोगिता जीती।

संस्था के संस्थापक श्री मुकेश माधवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर वरिष्ठ भजन गायक भागवत सिंह हाड़ा ने चार नारायण सालवी ने पांच अरुण चोबिसा ने 6 प्रिंस डायमंड ने 10 वीनू वैष्णव ने 13 तीर्थ व्यास ने 10 चंद्र प्रकाश ने 6 गोपाल गोठवाल ने चार और संस्था प्रमुख श्री मनमोहन भटनागर ने 16 गीत गए।

प्रतियोगिता में श्री मनमोहन भटनागर ने अपने आप को शामिल नहीं किया। निर्णायक की भूमिका श्रीमती प्रेमलता कुमावत ने निभाई।

संस्थापक मुकेश माधवानी ने बताया कि यह अपने आप में अनूठा आयोजन था संगीत के क्षेत्र में, आगे भी जल्दी ही ये प्रतियोगिता पुनः रखी जायेगी।

नर्सिंग के विद्यार्थियों का सरकार से सीधा सवाल

सरकार एवं कॉलेज द्वारा मान्यता प्राप्त छात्रवृत्ति मिल रही कोर्स कंप्लीट फिर भी सरकार हमें रजिस्ट्रेशन नंबर क्यों नहीं दे रही?

पदमावत मीडिया

उदयपुर । तिरुपति स्कूल ऑफ नर्सिंग में अध्यनरत 300 से अधिक नर्सिंग छात्रों के भविष्य पर गहरा संकट छा गया है नर्सिंग छात्रों में इसको लेकर जबरदस्त रोष है विगत कई दिनों से कॉलेज में अपनी मानसिक वेदना को प्रबंधन के सामने प्रकट कर रहे हैं और अनुरोध कर रहे हैं कि सरकार के समक्ष उनकी बात को प्रमुखता से रखा जाए और उन्हें न्याय दिलाया जाए

नर्सिंग की शिक्षा के लिए दो सरकारी एजेंसियां नियुक्त की जाती है पहले आईएनसी और दूसरी आरएनसी तिरुपति स्कूल ऑफ नर्सिंग में अध्यनरत छात्रों को 2016-17 से लेकर 2020-21 तक के विद्यार्थियों को राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित सरकारी दोनों एजेंसियों से मान्यता दी गई विद्यार्थियों ने मान्यता देखकर ही कॉलेज में दाखिला लिया तब से वह यहां नियमित विद्या अध्ययन कर रहे हैं उन्होंने छात्रवृत्ति के लिए आवेदन की किया जिसे राज्य सरकार ने मंजूर करते हुए तब से संबंधित अध्यनरत विद्यार्थियों को छात्रवृतियां आज तक प्रदान की जा रही है ।

मुख्य रूप से कठिनाई बीएससी एमएससी पोस्ट बेसिक के विद्यार्थियों को लेकर है कॉलेज में 16-17 में आईएनसी में अप्लाई किया उसे परमिशन मिलने के बाद राजस्थान नर्सिंग काउंसलिंग में अप्लाई किया इन बच्चों को एक आरएन (छ्ब) नंबर इशू होता है जो छ्ब् द्वारा इशू किया जाता है उनकी परमिशन के पश्चात ही बच्चों ने संबंधित कॉलेज में दाखिला लिया समाज कल्याण व अन्य छात्रवृतियां राज्य सरकार द्वारा समय.समय पर प्रदान की गई जो आज तक जारी है मुख्य रूप से परेषानी 2016-17,2017-18,2018-19, 2019-20 और 2020-21 बैच के विद्यार्थियों को लेकर आ रहा है गत 13 जनवरी 2022 को सरकार द्वारा एक लेटर जारी कर कॉलेज को अवगत कराया गया की 2021-22 से मान्यता को रद्द किया जाता है किंतु उस लेटर में कहीं भी इस बात का उल्लेख नहीं है कि पिछले बेच के बच्चों पर ये आदेश लागू होगा ।

यहां अध्ययन बच्चों की विडंबना यह है इन बच्चों ने मान्यता देख कॉलेज में दाखिला लियाए सरकार द्वारा समय-समय पर दी जा रही छात्रवृत्तियों उन्हें मिली किंतु आज इनका भविष्य अधर में है इनमें से कई बच्चों ने लोन से अपनी शिक्षा को पूर्ण किया आज लोन चुकाना मुश्किल हो रहा है बच्चे 2 वर्षों से बिना जॉब के बेकार घूम रहे हैं और मानसिक अवसाद की स्थिति में है

इस समस्या के समाधान के लिए राज्य सरकार ने आरएनसी द्वारा एक कमेटी का गठन किया गया उनकी रिपोर्ट मैं सभी कुछ सही पाया गया आर एन सी ने अपनी रिपोर्ट सरकार को पेश कर दी है किंतु अभी तक सरकार द्वाराउस के ऊपर कोई भी निर्णय नहीं लिया गया है।

तीनों कोर्सों के लिए विधिवत्त कमेटी का गठन हुआ और उन्होंने अपनी रिपोर्ट्स पेश कर दी।

मेरे पिताजी ने प्राइवेट नौकरी करते है एवं मुझे पढाने के लिए बैक से लोन लिया घर खर्च के साथ ही बैक की किस्त चुका रहे है साथ ही मेरे छोटे भाई-बहिनों की जिम्मेदारी भी उन पर है मैने सोचा नर्सिंग करने के बाद अपने पिताजी का वनज थोड़ा कम हो जाऐगा लेकिन पता नही अब क्या होगा।

- विकास सारंग,नर्सिंग विधार्थी

मेरे पिताजी ने साहूकार से मेरे को पढ़ने के लिए उधार लिया और मेरी पढ़ाई के लिए लगाया अब में कैसे मेरे पिताजी उसको चुका पाएंगे। क्यों उनकी उम्मीद मैं ही हूँ

-हर्श टेलर, नर्सिंग विधार्थी

नर्सिंग की पढ़ाई के दौरान मुझे चारों साल तक स्कॉलरशिप मिली और पूरा पैसा मुझे मिला। अगर कॉलेज मान्यता प्राप्त नहीं था तो सरकार ने स्कॉलरशिप क्यों दी

-कीर्ति कुमारी, नर्सिंग विधार्थी

मेरे घर में मेरी माँ छोटी मोटी नौकरी करके घर का गुजारा चलाती है और अपनी मीन बेच के मेरी माँ ने मुझे पढ़ाने के लिए भेजा लेकिन अब कैसे हमारा गुजारा होगा

-राहूल, नर्सिंग विधार्थी

बैनर का हुआ विमोचन, रक्तदान शिविर आज

पदमावत मीडिया

सायला। उपखंड मुख्यालय सायला के तहसील परिसर में विशाल रक्तदान एवम रक्त जॉच शिविर के बैनर विमोचन कार्यक्रम का आयोजन राजस्व विभाग सायला,रक्त सेवादल संस्थान सायला और भारत विकास परिषद् सायला के संयुक्त तत्वाधान किया गया। उपखंड अधिकारी ताराचंद वेंकट एवम तहसीलदार हीरसिंह चारण ने 26 जून बुधवार को तहसील परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान को लेकर अधिक से अधिक लोगो मे जागरूकता लाने के लिए लोगो से ज्यादा से ज्यादा संपर्क कर रक्तदान के प्रति जागरूक कर रक्तदान करने की बात कही। इस दौरान ऑफिस कानूनगो नारायण दान ,जिला अध्यक्ष पटवार संघ के महेन्द्रसिंह चंपावत, भू.अ. निरक्षक भावाराम परमार, रक्त सेवादल संस्थान सायला से नवनीत दवे,हर्ष त्रिवेदी,,दुर्गेश घांची भारत विकास परिषद शाखा सायला के अध्यक्ष हनुवंत सिंह राजपुरोहित,नारायण लाल विश्वकर्मा सचिव महेश कुमार दवे , भावाराम परमार,पटवारी सुरेश कुमार,उमाराम, जसाराम,बंटी मीणा,हरदनाराम,भीमाराम,ज्ञान सिंह,नरेश देवासी,नरपतदान,रमेश कुमार,संगीता कंवर,विजय सिंह राव,सुरेश कुमार,जबराराम दीपचंद जाट, मुराद महर,सरपंच हजाराम सहित उपस्थित थे।

सात दिवसीय ग्रीष्मकालीन धार्मिक शिविर का शुभारंभ

पदमावत मीडिया

उदयपुर । श्री मेवाड़ मूर्ति पूजक महिला ग्रुप की ओर से मंगलवार को सात दिवसीय ग्रीष्मकालीन धार्मिक शिविर का शुभारंभ चौगान मंदिर उपाश्रय में हुआ। श्री मेवाड़ मूर्ति पूजक ग्रुप की अध्यक्षा विजयलक्ष्मी गलूंडिया ने बताया कि प्रतिदिन परम पूजनीय कीर्ति रेखा श्रीजी, मयूर रेखा श्रीजी, भक्ति रेखा श्रीजी, गंभीर रेखा श्रीजी, विनय रेखा श्रीजी, अर्हद रेखा श्रीजी एवं दर्शरखा श्रीजी के सानिध्य अलग अलग विषयों पर धार्मिक ज्ञान दिया जा रहा है। साथ ही गहुली, प्रभु आंगी, स्नात्र पूजा, रंगोली, स्तवन, सज्जाय, मंच संचालन आदि का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर का शुभारंभ गुरु वंदन और नवकार मंत्र जाप से हुआ तत्पश्चात श्री मेवाड़ मूर्ति पूजक महिला ग्रुप की अध्यक्ष विजय लक्ष्मी गलूंडिया ने शब्दों द्वारा सभी का स्वागत करते हुए शिविर के संबंध में संपूर्ण जानकारी दी। संरक्षिका साधना बाबेल ने बताया कि शिविर में प्रथम दिन पूजा के प्रकार ही अंग पूजा, अग्र पूजा एवम भाव पूजा,परमात्मा की स्पर्शना,कल्पवृक्ष के प्रकार आदि विषयों पर धार्मिक ज्ञान दिया गया एवम आरती, मंगल दीवा नई राग में सिखाई गई। उसके पश्चात जैन जन गण मन द्वारा इसका समापन हुआ। शिविर में 80 मेंबर्स ने भाग लिया। खूबसूरत गहुली पुष्पा पोरवाल द्वारा बनाई गई एवम संचालन मंजू भानावत द्वारा ज्ञापित किया गया। धन्यवाद सचिव मधु मारू ने ज्ञापित किया। प्रार्थना सुमन डामर एवं ग्रुप द्वारा प्रस्तुत की गई।

पीएमसीएच में 7 माह के बच्चें का एसोफेजियल डुप्लिकेशन सिस्ट बीमारी का सफल ऑपरेशन

पदमावत मीडिया

उदयपुर । पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में दुर्लभ जन्मजात बीमारी एसोफेजियल डुप्लिकेशन सिस्ट नामक बीमारी से ग्रसित 7 माह के बच्चे का सफल ऑपरेशन कर उसे इस बीमारी से निजात दिलाई। सफल ऑपरेशन में बाल एवं नवजात शिशू सर्जन डॉ.प्रवीण झंवर,डॉ. प्रशान्त,डॉ.पुनीत जैन,डॉ.पलक जैन,विष्णु,पीआईसीयू इंचार्ज मनीष एवं मनी मीणा की टीम का सहयोग रहा।

दरअसल 7 माह का यह बच्चा जन्म से ही एसोफेजियल डुप्लिकेशन सिस्ट नामक दुर्लभ बीमारी से पीि़त था। मरीज के परिजनों ने कई जगह दिखाया लेकिन कोई फायदा नहीं मिला। परिजन उसे पेसिफिक हॉस्पिटल लेकर आए यहॉ पर बाल एवं नवजात शिशू सर्जन डॉ.प्रवीण झंवर को दिखाया तो जॉच करने पर एसोफेजियल डुप्लिकेशन सिस्ट नामक बीमारी का पता चला जिसका कि ऑपरेशन द्वारा इलाज सम्भव था।

डॉ.प्रवीण झंवर ने बताया कि एसोफेजियल डुप्लिकेशन सिस्ट दुर्लभ जन्मजात विसंगतियाँ गर्भधारण के चैथे और आठवें सप्ताह के बीच भ्रुण संबंधी असामान्यताओं के कारण होती हैं। इसका निदान आमतौर पर वाल्य -अवस्था के दौरान किया जाता है। यह बीमारी किन्ही 10 हजार में एक बच्चें में होती है

डॉ.झंवर ने स्पष्ट किया की आधुनिक सुविधाओं के चलते गर्भ के दौरान भ्रूण में होने वाले कई विकारों का समय रहते पता चल जाता है। ऐसे में प्रसव के लिए ऐसे हॉस्पिटल को चुने जहॉ पर बाल एवं नवजात शिशू सर्जन के साथ साथ नियोनेटोलॉजिस्ट एवं नवजात गहन देखभाल इकाई (एनआईसीयू) की सुविधा उपलब्ध हों जिससें की नवजात शिशु की जान बचाई जा सकती है। ये सभी सुविधाएं पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल भीलों का बेदला में उपलब्ध है।

मरीज एवं उसके परिजनों ने पीएमसीएच के चेयरमैन राहुल अग्रवाल,एक्जीक्यूटिव डॉयरेक्टर अमन अग्रवाल,सभी चिकित्सकों,मैनेजमेंट, नर्सिंग कर्मियों एवम् स्टॉफ का आभार जताया। बच्ची अभी पूरी तरह से स्वस्थ्य हैं और उसे डिस्चार्ज का दिया गया है।

डॉ.प्रवीण झंवर

बाल एवं नवजात शिशू सर्जन,पेसिफिक मेडीकल कॉलेज एवं हॉस्पीटल

निशुल्क परामर्श एवं जांच चिकित्सा शिविर 28 को फलासिया में

पदमावत मीडिया

उदयपुर। राष्ट्रीय मानव सेवा संस्थान उदयपुर एवं बालाजी टी कंपनी फलासिया के संयुक्त तत्वाधान में फलासिया में 28 जून, गुरुवार को बालाजी टी कंपनी के परिसर में पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, उदयपुर द्वारा निः शुल्क विशाल जाँच चयन शिविर का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष मदन चौधरी, राष्ट्रीय यू.मोर्चा अध्यक्ष ऐडवोकेट पंडित निर्मल कुमार, शिविर संयोजक खूबीलाल पूर्बिया ने बताया कि शिविर में चयनित मरीजों को उसी दिन उदयपुर ले जाकर नि»शुल्क इलाज किया जाएगा, जहां पर रोगियों के लिए खाना पीना रहना व इलाज की व्यवस्था नि»शुल्क रहेगी एवं सभी प्रकार के नेत्र, जनरल मेडिसिन,चर्म रोग,शिशु रोग नाक कान गला स्त्री एवं प्रसूति रोग, वक्ष एवं क्षय रोग,मनोचिकित्सा नशा मुक्ति, मानसिक रोगों की निःशुल्क इलाज एवं ऑपरेशन किये जायेंगे।

देहली गेट चौराहे को ट्रैफिक सिस्टम मॉडल के रूप में विकसित करने पर प्रस्ताव

पदमावत मीडिया

उदयपुर । जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक मंगलवार को जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल के निर्देशन एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़ की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में हुई। इसमें देहली गेट चौराहा को ट्रैफिक सिस्टम मॉडल के रूप में विकसित करने सहित शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने को लेकर विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा की गई। पूर्व में अनुमोदित व निर्देशित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।

प्रारंभ में सदस्य सचिव पीडब्ल्यूडी अधीक्षण अभियंता (शहरी) राजीव अग्रवाल ने गत बैठक कार्यवाही एवं अनुपालना रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बिन्दुवार चर्चा की। बैठक में उदयपुर शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार तथा वाहनधारियों की ओर से यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करने के लिए जयपुर की तर्ज पर सेंसरबेस्ड कैमरे लगाने तथा ई-चालान व्यवस्था करने पर चर्चा की गई। गहन चर्चा के पश्चात देहली गेट चौराहा को मॉडल के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव लिया गया। एडीएम श्री राठौड़ ने इसके लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर अगली बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

गत बैठक में जिला कलक्टर के निर्देश पर फतहसागर मार्ग पर प्रायोगिक तौर पर की गई पेंसिल डिवाइडिंग की सभी ने सराहना की। इससे यातायात व्यवस्था में सुधार होना बताते हुए उसे नियमित रखने का निर्णय लिया गया। पुलिस उपाधीक्षक यातायात नेत्राराम ने स्वरूप सागर पुलिया से आगे बन रहे बोटलनेक को खोलने की आवश्यकता जताई। इस पर एडीएम ने बोटलनेक खोलने की संभावनाएं तलाशने के लिए संयुक्त निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया। कोर्ट चौराहा पर चेटक सर्कल मार्ग के कॉर्नर पर लगाए पेन्सिल डिवाइडर से अघोषित पार्किंग स्थल विकसित होने की समस्या भी सामने आई। इस पर उक्त पेंसिल डिवाइडर हटवाने का निर्णय लिया।

बैठक में पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता ग्रामीण अनिल गर्ग, जिला परिवहन अधिकारी अनिल सोनी, नगर निगम अधीक्षण अभियंता मुकेश पुजारी, युडीए अधिशासी अभियंता नीरज माथुर, पीडब्ल्यूडी अधिशासी अभियंता निशा व्यास सहित विभिन्न विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

इन पर भी हुई चर्चा

देहली गेट से कोर्ट चौराहा एवं अश्विनी बाजार की तरफ फ्लाईओवर निर्माण के बिन्दू पर नगर निगम ने स्पष्ट किया कि डीपीआर तैयार है तथा उच्च न्यायालय में स्वीकृति के लिए याचिका भी रजिस्टर हो चुकी है, जिस पर सुनवाई 20 अगस्त को प्रस्तावित है। सुखाड़िया तिराहा चौड़ा करने के कार्य के संबंध में नगर निगम आयुक्त ने बताया कि सुखाड़िया समाधि की दीवार पीछे शिफ्ट करने का कार्य हो चुका है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक - पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यलय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित | मो. 9594542679, e-mail: padmavatmedia@gmail.com
web. padmavatmedia.in. नोट» (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई (महाराष्ट्र) होगा | उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनन अपराध है।